तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


14 नवागढ़ की रिया यादव का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता ...


12 ग्राम सिलघट में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां ...

## खबर संक्षेप



### बेरला के 13 टीबी मरीजों को वितरित किया गया अतिरिक्त पोषण आहार

**बेमेतरा/बेरला।** प्रधानमंत्री मंत्री क्षय रोग मुक्त भारत अभियान तहत क्षय रोगी मुक्त बनाने और जो व्यक्ति क्षय रोग से ग्रसित है उन्हें ईलाज के साथ अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने बेरला विकासखंड के 13 टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार प्रदाय किया गया, उपस्थित मरीजों को एस टी एस दिनेश गंगबेर द्वारा टीबी की नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि टीबी की सफल इलाज़ की. कुंजी है, समय पर दवा लेना और पोषणयुक्त आहार का सेवन करना। साथ ही बीएमओ डॉ कुंजाम ने मरीजों से आग्रह किया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी टीबी के लक्षणों और उपचार के प्रति जागरूक करें। जिसमें मुख्य रूप से बेरला के प्रतिष्ठित व्यवसायी सेठ धनराज द्वारा 5 टी बी मरीजों को गोद लिया और निक्षय मित्र बनकर फूड बास्केट प्रदान किया, साथ ही खंड चिकित्सा अधिकारी बेरला तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ मांडले एवं डॉ दीपशिखा मेडिकल ऑफिसर बेरला / सेक्टर सुपरवाइजर श्याम सोनी द्वारा निक्षय मित्र बनकर मानवता के हित में इन्होंने फूड बास्केट प्रदान किया, इन सभी द्वारा 13 टी बी शेष पेज 13 पर

# बेमेतरा जिले के 10 ग्रामों का मॉडल सोलर विलेज के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री 'सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत मॉडल सोलर विलेज चयन प्रक्रिया को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा जिले के सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 प्रतिभागी ग्रामों बारगांव, सोढ़, गुधेली, कठिया, टेमरी, मुरता, कुरा, परसबोड, कठौतिया एवं मऊ का चयन किया गया है। प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत इन ग्राम पंचायतों को 06 माह की अवधि में ग्रामीणों के सहयोग से अधिकतम सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना सुनिश्चित करनी होगी। तकनीकी सहयोग क्रेडा एवं विद्युत विभाग द्वारा लगातार प्रदान किया जा रहा है। छह माह की अवधि में जिस ग्राम में सर्वाधिक सौर संयंत्र स्थापित होंगे, उसे जिले का मॉडल सोलर विलेज विकसित किया जाएगा। क्रेडा द्वारा सभी 10 चयनित ग्रामों में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों में पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों को सौर ऊर्जा के लाभ, योजनाओं की प्रक्रिया तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक सौर संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। क्रेडा द्वारा अब तक 09 ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम किया जा चुका हैं।

## सोलर पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम जारी



### बारगांव में शिविर का हुआ आयोजन

मंगलवार 02 दिसंबर प्रतिभागी ग्राम बारगांव (वि.ख. बेरला) में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं पीएम सूर्य घर योजनांतर्गत शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, बारगांव के प्रांगण में किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणजन, पंच-सरपंच सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए तथा क्रेडा एवं विद्युत विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी लेकर पंजीयन एवं स्थापना कार्य के लिए उत्साहपूर्वक आगे आए। जिला प्रशासन एवं क्रेडा का लक्ष्य है कि सभी चयनित ग्राम सौर ऊर्जा अपनाने में एक मॉडल प्रस्तुत करें, जिससे जिले को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम प्राप्त हो सकें।

## हादसा

**जिला मुख्यालय से 7 किमी दूरी पर स्थित ग्राम बैजी में हुआ हादसा**

# बेमेतरा-कवर्धा रोड पर पलटा ट्रक, छड़ों के नीचे मिला लाखों का 83 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

जिले में बेमेतरा-कवर्धा रोड पर स्थित बैजी टोल प्लाजा के निकट मंगलवार की देर रात हुई एक सड़क दुर्घटना ने एक बड़े अन्तर्राज्यीय ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क का खुलासा कर दिया है।

छड़ों से भरी एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी तलाशी के दौरान पुलिस को ट्रक के अंदर छिपाकर रखा गया 83 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। दुर्घटना मंगलवार देर रात को हुई थी, जिसके कारण रात के अंधेरे में किसी को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। बुधवार की सुबह जब बैजी टोल प्लाजा के पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने पलटी हुई ट्रक को देखा, तो उन्हें किसी बड़े हादसे की आशंका हुई। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस को दी।



### साधारण हादसे से हाई-प्रोफाइल तस्करी तक

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रथम दृष्टया यह मामला तेज रफ्तार के कारण हुआ एक साधारण सड़क हादसा लग रहा था। हालांकि, पुलिस ने जब ट्रक की विस्तृत और गहन तलाशी शुरू की, तो मामला अप्रत्याशित रूप से हाई-प्रोफाइल तस्करी में बदल गया। छड़ों को ट्रक से हटाया गया, जिसके बाद पुलिस ने पाया कि गांजे की खेप को बेहद चालाकी से ट्रक के केबिन के निचले हिस्सों और अन्य गोपनीय जगहों पर दबाकर रखा गया था। इस तरह की पैकिंग यह दर्शाती है कि यह कार्य किसी पेशेवर और संगठित आपराधिक गिरोह द्वारा किया गया है। तलाशी के दौरान कुल 83 किलोग्राम गांजा के पैकेट बरामद किए गए।



### अंतर्राज्यीय सप्लाई और आरोपी चालक फरार

पुलिस जांच में पता चला कि यह ट्रक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से रवाना होकर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जा रहा था। यह रूट स्पष्ट करता है कि नशे के इस सामान की सप्लाई राज्य के बाहर की जा रही थी। हादसे के तुरंत बाद ट्रक का चालक मौका-ए-वारदात से फरार हो गया। पुलिस अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं कर पाई है और लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस ने गांजे की पूरी खेप को जब्त करने के साथ ही ट्रक को भी सील कर दिया है।

### लाखों का बाजार मूल्य और आगे की जाँच

बरामद किए गए 83 किलो गांजे का बाजार मूल्य लाखों रुपये में बताया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा किसी छोटे-मोटे तस्कर का काम नहीं हो सकता, बल्कि यह खेप किसी बड़े संगठित तस्करी गिरोह से जुड़ी हुई है। पुलिस का यह भी अनुमान है कि इस ट्रक का उपयोग पहले भी कई राज्यों में नशे की सामग्री की सप्लाई के लिए किया जाता रहा होगा। पुलिस अब इस पूरे तस्करी नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने के लिए तकनीकी साक्ष्य, टोल प्लाजा और मार्ग के सीसीटीवी फुटेज, तथा वाहन से मिले दस्तावेजों के आधार पर व्यापक जाँच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस बड़े रैकेट से जुड़े लोगों का बड़ा खुलासा हो सकता है।

# हत्या का प्रयास व मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

थाना बेरला पुलिस ने हत्या की नियत से अश्लील गाली-गलौज और मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी नरेन्द्र पटेल (55 वर्ष), निवासी सोढ, बेरला की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज करते हुए आरोपी रामलाल गायकवाड, दिलेश गायकवाड, शेरू उर्फ अमरदास, बिरेन्द्र गायकवाड ग्राम सोढ, बेरला के निवासी के विरुद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5) 109 बीएनएस के तहत मामला कायम कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। पुलिस ने जानकारी अनुसार मामला यह कि प्रार्थी नरेन्द्र पटेल अपने दोनो बेटे कुलदीप पटेल, संदीप पटेल गांव के गौठान में मातर कार्यक्रम देखने जा रहे थे, रास्ते में अचानक गांव के चारों आरोपी युवक अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे लोहे के शेष पेज 13 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. शृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## खबर संक्षेप

### फार्चूनर कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** सड़क हादसे में 12 वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में अमलेश्वर थाना पुलिस ने फार्चूनर कार चालक के खिलाफ धारा 184, 106, 125, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हर्षित नियो सिटी अमलेश्वर निवासी फार्मा कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत वैभव शास्त्री उम्र 32 साल पिता रमेश चंद्र शास्त्री ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर दोपहर करीबन 2 बजे वे अपने घर हर्षित नियो सिटी से निकल कर सड़क पर पहूंचे थे। तभी देखा कि दो बच्चे टांकेश्वर साहू पिता रोहित साहू एवं प्रहलाद यदु पिता ईश्वर यदु दोनों एक ही साइकिल से अमलेश्वर तरफ से आ रहे थे। साइकिल को टांकेश्वर चला रहा था। जब हर्षित नियो सिटी के पास पहुंचे और डिवाईडर मोड़ के पास हर्षित नियो सिटी के तरफ आने लगे तभी मोतीपुर तरफ से आ रही फार्चूनर कार क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 9300 के चालक द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों बच्चों को ठोकर मार दी। इससे दोनों बच्चे वहीं गिर गये। घायलों को उपचार के लिए रायपुर के वात्सल्य हास्पिटल व मेकाहारा ले गए।

### शहर में 6.30 करोड़ से होंगे विकास कार्य, मिली स्वीकृति

**भिलाई।** भिलाई ननि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सांसद विजय बघेल ने 6 करोड़ 30 लाख की राशि स्वीकृत प्रदान की है। यह स्वीकृति भिलाई नगर निगम के पार्षदगणों द्वारा प्रस्तुत मांगों और जनहित में आवश्यक विकास गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दी गई। स्वीकृत राशि का उपयोग सड़क एवं नाली निर्माण, पेयजल एवं जलनिकासी सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किया जाएगा। सांसद विजय बघेल ने जनसेवा एवं क्षेत्रीय विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। सांसद ने बताया कि इस प्रक्रिया में उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का सक्रिय सहयोग महत्वपूर्ण रहा। भिलाई नगर निगम के पार्षदों ने सांसद एवं उपमुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति भिलाई के विकास के प्रति जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### ब्लॉस्ट फर्नेस-7 में अब तक का सर्वोच्च हॉट मेटल उत्पादन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-7 ने नवंबर 2025 में 1,30,210 टन हॉट मेटल उत्पादन दर्ज करते हुए अब तक का मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। ब्लॉस्ट फर्नेस-7 ने मार्च 2025 में दर्ज रिकॉर्ड 1,30,183 टन के सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन को पीछे छोड़ते हुए नया उत्पादन कीर्तिमान बनाने में सफलता प्राप्त की। ब्लास्ट फर्नेस-7 ने नवंबर 2025 में 2.10 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन की सर्वोच्च हॉट मेटल उत्पादकता दर्ज की, जो मार्च 2025 में प्राप्त 2.07 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

### राष्ट्रीय जूनियर थ्रोबॉल बालक एवं बालिका टीम घोषित

**भिलाई।** बदलापुर, महाराष्ट्र में 5 से 7 दिसंबर तक 35 वी जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय थ्रोबाल संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र थ्रोबाल संघ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारत वर्ष के 26 राज्यों की बालक टीम एवं 24 राज्यों की बालिका टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की बालक एवं बालिका वर्ग की टीम का चयन रविवार 30 नवंबर को किया गया। चयनित सभी खिलाड़ियों को जर्सी आर के फिटनेस के द्वारा स्पॉन्सर किया गया। भारतीय थ्रोबाल संघ के अध्यक्ष श्री रमन साहनी, श्रीमती तुलसी साहू महामंत्री भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अन्य पिछड़ा वर्ग, श्री हर्ष कुमार चांदेकर, श्री बब्बू मिश्रा जी, श्री प्रकाश सिंह परिहार, श्री राम अवतार अग्रवाल, भारतीय थ्रोबाल संघ के रेफरी बोर्ड के चेयरमैन श्रीकांत दास गुप्ता, छत्तीसगढ़ थ्रोबाल संघ के सचिव श्री पी. कामराजू, संजय वासु एवं सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक गहलोत, गौतम राव एवं आर के फिटनेस से रितेश जैन, खुशी कुमारी अभिषेक गुप्ता, पंकज गुप्ता, वीनू तमांग, हितेश रेड्डी एवं गौरव सुभा ने सभी खिलाड़ियों को कीट वितरित किया एवं पदक हासिल करने हेतु शुभकामनाएं दी।

---

गायत्री परिवार की शक्ति कलश यात्रा पहुंची साजा, श्रद्धा और उल्लास का माहौल

# ग्राम सिलघट में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

बुधवार को शांतिकुंज हरिद्वार से प्रवाहित आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक दिव्य शक्ति कलश जब साजा पहुंचा तो नगर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। गायत्री परिवार के परिजनों और नगरवासियों ने पारंपरिक विधि से शक्ति कलश का स्वागत एवं पूजन किया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति इस यात्रा के प्रति बढ़ती आस्था को दर्शा रही थी। शक्ति कलश के आगमन पर पूरे मोहल्ले में आध्यात्मिक श्रद्धा और उल्लास की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में गायत्री परिवार साजा के ब्लॉक समन्वयक पोखन सिंह ठाकुर ने बताया कि दिव्य शक्ति कलश का आगमन समाज में सद्बुद्धि, संस्कार और आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता एक कदम है। उन्होंने कहा— कलश यात्रा केवल दर्शन की घटना नहीं, बल्कि यह संकल्प और परिवर्तन का संदेश लेकर चलती है। साथ ही पूर्व शिक्षक एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन दल्लू सिंह वर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। उन्होंने वर्षों पुरानी अपनी साधना परंपरा को याद करते हुए लोगों को युग निर्माण और नशा मुक्ति का संदेश दिया। शक्ति कलश के साथ नवागढ़ ब्लॉक समन्वयक बसंत कुमार वर्मा भी साजा पहुंचे। इसके अलावा देवकी मढरिया, सुभद्रा वर्मा सहित साजा नगर निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने कलश का विधिवत स्वागत किया।

### ग्राम सिलघट (बेमेतरा) में 108 कुण्डीय महायज्ञ-10 से 13 दिसंबर तक

स्वागत कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि 10, 11, 12 एवं 13 दिसंबर को

बेमेतरा जिले के ग्राम सिलघट (भींभौरी) में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, भव्य कलश यात्रा, सामूहिक संस्कारों और जागरण कार्यक्रमों का आयोजन होगा। गायत्री परिवार ने सभी श्रद्धालुओं, माताओं–बहनों और युवाओं से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की।

---

# सोसाइटी अध्यक्ष संघ ने कलेक्टर से मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

बेमेतरा कलेक्टर से जिला सोसायटी अध्यक्ष संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला। अध्यक्षों ने उन्हे 15 दिन की धान खरीदी के संबंध में जानकारी दी। तथा उन्हें सभी धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी का लिमिट कम से कम चार हजार कट्टा प्रतिदिन करने का अनुरोध किया साथ ही अब सोसाइटियों से धान उठाव हेतु अविलंब परिवहन शुरू करवाने का भी अनुरोध किया गया ताकि उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रभावित न हो और सोसाइटी को अधिक सुखत का सामना न करना पड़े। कलेक्टर से भेंट करने के पश्चात प्रतिनिधिमंडल जिला विपणन अधिकारी और उप पंजीयक के साथ साथ खाद्य अधिकारी से भी मिलकर अवगत कराया। कलेक्टर साहब और विपणन अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द हम परिवहन करना चालू करेंगे और समिति का लिमिट है उसको बढ़ाया जाएगा धान खरीदी समय सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निपटने का आश्वासन अधिकारियों के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष संजीव तिवारी, उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, प्रहलाद वर्मा, सोमेश दुबे, सचिव संतोष पुरी कोषाध्यक्ष दोहई वर्मा, प्रबल ठाकुर, भागीरथी साहू, बिसन साहू, सुंदर यादव अन्य अध्यगण उपस्थित थे।

# आशा मितानिन घर-घर जाकर कर रही हैं स्वास्थ्य परीक्षण



**थानखम्हरिया।** आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता सरकारी मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया है। यह कार्यकर्ता स्वास्थ्य देखभाल और सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली और समुदाय के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करती है। इनका मुख्य काम गर्भवती महिलाओं और बच्चों की देखभाल करना, टीका करना, टीकाकरण अभियान मदद करना, और परिवार नियोजन जैसी स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवा के नाम से उनकी पहचान बनती है। मुलाकात के दौरान नंदनी सिन्हा, पूजा देवांगन, सविता मांडवी मितानिन ने बताया, प्रतिदिन 15 से 20 घरों में विजिट करते हैं। और हमारे द्वारा बीपी, शुगर और अन्य जांच का कार्य किया जाता है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और अन्य कार्यों को निस्वार्थ भाव से हम करते हैं। डॉ स्वदेश जायसवाल ने बताया आशा मितानिन एक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता है। जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करती हैं। और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने का काम करती हैं। वर्तमान में नगर पंचायत थानखम्हरिया में 27 आशा मितानिन और स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 165 मितानिन काम कर रही है।

---

# जिला स्तरीय युवा उत्सव, प्रतिभाओं को मंच देने जिला प्रशासन ने आमंत्रित किए आवेदन

**बेमेतरा।** जिले के युवाओं को कला, साहित्य, संस्कृति एवं रचनात्मक प्रतिभाओं का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बेमेतरा जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025–26 के आयोजन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष युवा उत्सव का आयोजन मैया-दीपावली सप्ताह के दौरान प्रस्तावित है। इस उत्सव के माध्यम से जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। प्रशासन ने बताया कि युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां तथा 40 वर्ष तक के नागरिक भाग ले सकते हैं। राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार प्रतिभागी पूर्व में स्वयं माय भारत पोर्टल में पंजीकृत होने पर ही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। जिन प्रतिभागियों का पंजीयन अभी नहीं हुआ है, वे जल्द से जल्द पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिला स्तरीय युवा उत्सव हेतु विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिनमें लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, राज्य गीत, सुगम संगीत, लोकगीत, कहानी लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, कविता लेखन, निबंध, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड— जैसी विधाएं शामिल हैं। इस वर्ष कुल 91 प्रतिभागियों के चयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर चयनित प्रतियोगी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2025, शाम 5:00 बजे निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजे जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीयन कोई भी प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकेगा।

जिला प्रशासन ने समस्त युवाओं, शिक्षण संस्थानों, कला एवं संस्कृति से जुड़े युवा समूहों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में युवा उत्सव 2025–26 में भाग लें और जिले की प्रतिभा को राज्य स्तर तक पहुंचाने में सहयोग करें। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी जिला खेल अधिकारी/युवा कल्याण विभाग बेमेतरा से संपर्क कर सकते हैं। यह जिला स्तरीय युवा उत्सव न केवल युवाओं की रचनात्मकता को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक बड़ा अवसर भी प्रदान करेगा।

# सुरक्षा के प्रति संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन का सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ असुरक्षित कार्यप्रणालियों पर निर्णायक कार्रवाई

सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत दिनों कार्यस्थल पर हुई मृत्यु तथा कर्मियों की चोटिल होने जैसी गंभीर दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ता से दोहराया है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि असुरक्षित कार्य एवं असुरक्षित कार्यप्रणाली के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पहले की तरह आगे भी कड़ाई से लागू रहेगी।

इसी संदर्भ में दुर्घटना-जनित परिस्थितियों और सुरक्षा संबंधी चूक की गंभीरता को देखते हुए कठोर प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं। जिसके अंतर्गत सिंटर प्लांट-3 के एक महाप्रबंधक तथा उर्जा प्रबंधन विभाग के एक महाप्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। वहीं उर्जा प्रबंधन विभाग के दो कार्यपालकों को चेतावनी पत्र जारी किए गए हैं तथा प्लेट मिल के दो महाप्रबंधकगणों को एडवाइजरी पत्र प्रदान किए गए हैं। सभी घटनाओं का मूल कारण विश्लेषण किया गया है, ताकि प्रत्येक पहलू का तथ्यपरक मूल्यांकन हो सके। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाएं पुनः न हों, इसके लिए आवश्यक सुधारात्मक और निवारक उपायों की रूपरेखा तैयार कर संबंधित विभागों को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। संयंत्र प्रबंधन ने यह स्पष्ट किया है कि सुरक्षा संस्कृति को मजबूत बनाना प्रत्येक स्तर पर सामूहिक उत्तरदायित्व है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुरक्षित व्यवहार को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# न्यू गुरुकुल में साप्ताहिक खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ




**नवागढ़।** न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला साप्ताहिक खेल महोत्सव इस वर्ष भी उत्साह, उमंग और जोश के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालय परिसर बच्चों की खिलखिलाहट, तालियों की गूंज और रंग-बिरंगे खेल प्रदर्शनों से सरोबार रहा। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विंपी गांधी द्वारा मशाल प्रज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। उनके द्वारा बच्चों को खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतियोगिता के मूल्य को अपनाने की प्रेरणादायी सीख दी गई। संचालक गजपाल सिंह खुराना ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने, टीम भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन देने तथा खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। खेल महोत्सव के तहत विभिन्न रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, सुरीली कुर्सी, रस्सा खींच, चम्मच दौड़ आदि प्रमुख हैं। पूरे सप्ताह तक चलने वाला यह आयोजन बच्चों में खेल कौशल निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का मंच प्रदान करेगा। महोत्सव का समापन 9 दिसंबर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

---

# चार नए श्रम संहिता से बढ़ेगा कर्मचारी व मजदूरों पर शोषण : एचएस मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ 00 हित में सरकार से तत्काल वापस लेने की मांग

हिंद मजदूर सभा ( एचएमएस ) के वरिष्ठ नेता एचएस मिश्रा ने चार नए श्रम संहिता को कर्मचारी व मजदूरों के लिए अनुचित बताया है। इन चार श्रम संहिता के चलते बढ़ती हुई महंगाई के दौर में कर्मचारी और मजदूरों का जीवन यापन मुश्किल हो जाएगा। वहीं कंपनी मालिक, ठेकेदार और एजेंसियों की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं रहने से कर्मचारी और मजदूरों का शोषण होगा। इसलिए सरकार को तत्काल निर्णय लेते हुए इन चार नए श्रम संहिता को वापस लेना चाहिए।

प्रदेश के वरिष्ठतम श्रमिक नेता एचएस मिश्रा ने बताया कि देश में 29 श्रम कानून लागू था। इन कानूनों को श्रमिकों के 1886 में अमरीका के शिकागो में बहुत बड़े संघर्ष और कई मजदूरों की शहादत के बाद लागू किया गया था। जिसे खत्म कर भारत सरकार ने चार नए श्रम संहिता को लागू करने का निर्णय लिया है। इन नए श्रम संहिता में श्रमिक संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 शामिल है। इन चारों नए श्रम संहिता से कर्मचारी और मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि नए श्रम संहिता के प्रावधान में मजदूरों को प्रतिदिन 8 के बजाय 12 घंटे काम करना पड़ेगा। अतिरिक्त काम का कोई ओवर टाइम नहीं मिलेगा। अधिकतम 40 मजदूर वाले कंपनी या ठेकेदार के लिए सरकार को किसी भी तरह की विवरणी देने की जरूरत नहीं होगी। मालिक या ठेकेदार जब चाहे तब बिना सरकार को अवगत कराए कर्मचारियों की छंटनी कर बाहर निकाल देगा। नए श्रम संहिता में यूनियन बनाने के अधिकार को खत्म कर दिए जाने से मजदूरों को अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिल पाएगा। अपने हक के लिए मजदूर किसी तरह की लड़ाई नहीं लड़ सकेंगे।

उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत मजदूरों के साथ हो रही ज्यादातियों पर प्रबंधन का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र देश की नवरत्न कंपनियों में से एक है। हाल के दिनों में सभी यूनियन के नेता और पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के शोषण के मुद्दे पर प्रबंधन के आईआर उप मुख्य श्रमायुक्त केन्द्रीय के पास शिकायत किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में न्यूनतम वेतन लागू है, उसके बाद भी कंपनी, ठेकेदार और एजेंसियों के द्वारा न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। बोनस 8.33 प्रतिशत के बजाय दो, तीन या चार हजार रुपए से ऊपर नहीं दिया जा रहा है। कुछ कंपनियां और ठेकेदार तो यह भी नहीं दे रहे हैं। जबकि एडब्ल्यूए 26 दिन काम करने पर प्रतिदिन 128.30 रुपए के हिसाब से 37 सौ रुपए हर महीने देना है। लेकिन कुछ कंपनियां और ठेकेदार 13 सौ से 14 सौ रुपए ही दे रहे हैं।

# बीएसपी आवासों के लाइसेंस पद्धति से आवंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ चेंबर ऑफ कामर्स अधिशासी निदेशक से मिले

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई ने लीज नवीकरण प्रकरण में पर सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में के के सिंह अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन भारतीय इस्पात प्राधिकरण नईदिल्ली से भिलाई निवास में भेंट की। रिटेंशन कमेटी के सदस्यों ने बीएसपी आवास पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए आवासों को लायसेंस पद्धति पर आबंटन की मांग रखी । छोटे छोटे व्यापारियों को राहत देने और उपरोक्त संदर्भ में स्थानीय प्रबंधन को दिशा निर्देश दिए जाने का आग्रह किया ।सिंह ने बताया कि जन भावनाओं को समझ कर दिल्ली स्तर पर प्रयास जारी है और जल्दी कुछ नये परिणाम सामने आयेंगे । स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने श्री के सिंह से अपील की कि जब तक प्रकरण का निराकरण एक अच्छे वातावरण में ना हो जाए तब तक स्थानीय स्तर पर अनावश्यक परेशानी से राहत दिए जाने के दिशा निर्देश देकर ही आप जाएं। इस मौके पर चेंम्बर के महासचिव दिनेश सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश रतनानी सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, सुरेश चंद्र, राधाकांत पांडे, मोहम्मद रफी, सुमन कन्नौजे, भाजपा की महिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ,महामंत्री कंचन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

---

जमीन के बाजार मूल्य में विरोध करने वाले कारोबारियों का धरना खत्म, अब कांग्रेस मोर्चे पर

# प्रदर्शनकारियों को रात में छोड़ा, 3 हुए अंडर ग्राउंड, सुबह पांच को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को लेकर जेआरडी स्कूल के सामने धरने पर बैठे जमीन कारोबारियों का आंदोलन समाप्त हो गया है। सोमवार को चक्काजाम, पुलिस से झूमाझटकी, लाठी चार्ज और अन्य घटनाक्रम के बाद पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया था। उन्हें रात को छोड़ दिया गया। इस बीच धरना स्थल पर लगे पंडाल को भी उखाड़ दिया।

मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे पुलिस अचानक इस मामले में आरोपी बनाए गए लोगों के घर पहुंचने लगी। इस दौरान अनिल वासनिक उम्र 43 वर्ष अम्बेडकर नगर, विक्की चंद्राकर उम्र 32 वर्ष शीतला नगर, दिनेश पाण्डेय उम्र 35 वर्ष गयानगर, राकेश यादव उम्र 38 वर्ष गयानगर, जितेन्द्र बत्रा उम्र 41 वर्ष सिंधी कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। मामले में मनोज राजपूत और सिद्धु कोटवानी को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। वे अंडरग्राउंड हो गए हैं। उनका आरोप है कि जब उन्हें शाम को जमानत पर रिहा किया गया था, तो भी रात में गैरजमानती धाराएं क्यों लगाई गई। जानबूझकर जनता को परेशान करने के उद्देश्य से प्रोटेस्ट को समाप्त करने के लिए ऐसा किया गया। बता दें कि पिछले करीब 7 दिनों से लगातार जमीन कारोबारी प्रदर्शन कर रहे थे। घटना के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने खुलकर समर्थन दिया है। देवेंद्र यादव ने समर्थकों के साथ 4 दिसंबर को भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की है। मामले में पुलिस ने धारा 221, 126(2), 191(2) बीएनएस पंजीबद्ध के तहत कार्रवाी की है। इसमें धारा 121(1),132 61(2). 125 (क) जोड़ी गई।




### हमारा विरोध शांत है, लेकिन कमजोर नहीं

इस मामले में मनोज राजपूत, सिद्धु कोटवानी, राहुल शर्मा, श्रीकांत सिंदेकर ने कहा कि हमारा विरोध शांत है, लेकिन कमजोर नहीं है। जिस प्रकार से प्रशासन ने इसे कुचलने का प्रयास किया, इसका हिसाब प्रदेश की जनता लेगी। हम मामले को न्यायालय जाएंगे। एक-एक वीडियो, फोटो, विजुअल से न्यायालय को अवगत कराएंगे। शासन के इस निर्णय से किसान, छोटे व्यापारी, आम नागरिक, युवा सभी परेशान है। बिना किसी दावा आपत्ति और सिफारिशों को ध्यान रखे इस आदेश का लागू किया गया है। यह लोकतंत्र नहीं डिक्टेटरशिप है।

### आम नागरिक पर लाठी चार्ज कांग्रेस लेगी हिसाब

कांग्रेस के जिला धीरज बाकलीवाल ने मंगलवार को इस मामले में प्रभावित हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लाठी चार्ज की घटना निंदनीय है। छत्तीसगढ़ की जनता से वादा खिलाफ भाजपा सरकार कर रही है। आंदोलन कर रहे जमीन कारोबारी किसानों और आम नागरिक पर लाठी चार्ज करना दमनकारी नीतियों का परिचायक है। कांग्रेस इसका हिसाब लेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में इस विषय को रखा जाएगा। प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। सरकार को यह निर्णय वापस लेना ही होगा।

### कवि-सम्मेलन में बिखेरा शब्द-सौंदर्य काव्य संग्रह मानसी का हुआ विमोचन

**भिलाई।** चित्रगुप्त साहित्य समिति द्वारा कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित साहित्यकारों ने अपने शब्द-सौंदर्य से समां बांध दिया। इस अवसर पर नारायण साहित्य शाला भारत ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित छंद काव्य संग्रह मानसी का विमोचन कार्यक्रम वैशाली नगर में आयोजित किया गया। पुस्तक के संपादक रामजस त्रिपाठी, कृतकार डॉ.बुद्धसेन शर्मा के काव्य संग्रह की सभी अतिथियों ने सराहना की। जिसके बाद कवि-सम्मेलन और गीत गायन का आयोजन किया गया। कवियत्री सोनिया सोनी, संध्या जैन, ओमवीर कर्ण, डॉ.यशवंत सूर्यवंशी, बैकुंठ महानंद ने मधुर काव्य पाठ कर तालियां बटोरी।

# सरकारी दफ्तरों में अब से बायोमेट्रिक अटेंडेंस, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के सभी सरकारी दफ्तरों में अब बायोमीट्रिक पद्धति से ही उपस्थिति दर्ज होगी। इसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में सख्त निर्देश जारी किए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति के रिकॉर्ड के लिए बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू किया जाना है। सभी कार्यालय प्रमुख अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी शीघ्र एनआईसी को उपलब्ध कराएं। साथ ही सिस्टम की जानकारी के लिए विभागीय कम्प्यूटर ऑपरेटर भी प्रशिक्षण के लिए एनआईसी भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न कार्यालयों में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत निष्क्रिय बैंक खातें जिसमें लंबी अवधि से लेन-देन नहीं किया जा रहा है, ऐसे खातों को सक्रिय खातों में परिवर्तित कर जानकारी जिला कोषालय को उपलब्ध कराएं, ताकि राशि का उपयोग अन्य मदों पर किया जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। उन्होंने विभाग-वार लंबित समय-सीमा प्रकरणों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## समय सीमा की बैठक में जनदर्शन में आई शिकायतों का टाइम से निराकरण करने की समीक्षा

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर लिया फीडबैक

कलेक्टर ने कहा कि जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही निरंतर जारी रखें। अंतिम तिथि का इंतजार किए बगैर कार्य समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बीएलओ द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही विवरण का संबंधित एईआरओ भली-भांति जांच करें। कलेक्टर सिंह ने समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को सिकल सेल जांच का दायरा बढ़ाने और वय वंदन एवं आयुष्मान कार्ड पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय सहित समस्त शासकीय चिकित्सालयों में एंटी रेबीज वैक्सिन की उपलब्धता पर्याप्त होना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी तहसीलदार और एसडीएम को संबंधित क्षेत्र के कोटवारों को शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए जमीन का सत्यापन कराने और वास्तविक स्थिति की जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### होने वाले एग्जाम के लिए पिस्दा बनाए गए नोडल अधिकारी

कलेक्टर ने 7 दिसंबर को होने वाली जल संसाधन विभाग में भर्ती हेतु अमीन पटवारी परीक्षा की जिले में व्यवस्था के संबंध में नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों के बायोमीट्रिक अपडेट, आपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद क्षेत्रों में विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश किए। समीक्षा के दौरान खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में 24 माइनिंग लीज में से 22 का अपडेशन किया जा चुका है। इसी प्रकार खाद्य विभाग अंतर्गत 2 लाख 26 हजार राशन कार्ड का ई-केवाईसी होना शेष है।

## खबर संक्षेप

### जमीनों के रेट में वृद्धि, आम जनता को परेशान करना : अनुरुध वर्मा

**भिलाई।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे युवा मोर्चा दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरुध वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कलेक्टर गाइडलाइंस के हिसाब से जमीनों की कीमत में 5 से 9 गुना बढ़ गई है। नई दरें लागू होने से रजिस्ट्री पहले से ज्यादा महंगी हो गई है। इसके चलते पूरे प्रदेश भर में जमीन से जुड़े कारोबारी व्यापारियों वर्गों को विरोध करना पड़ रहा है। नई दरें लागू होने से जमीनें महंगी हो गई हैं, इससे ये साबित होते है कि प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता को परेशान कर उनके घर लेने और बनाने के सपनों को खत्म कर रही है। ऐसा करके सरकार ने आम जनता को नहीं बल्कि ब्लैक मनी रखने वालों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। इससे हम नई कलेक्टर गाइडलाइन को वापस लेने की मांग सरकार से करते हैं।

### बीएसपी के चारों ओर 200 मीटर क्षेत्र ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने उपमहानिरीक्षक सीआईएसएफ यूनिट बीएसपी भिलाई के पत्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दुर्ग जिला अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई की सुरक्षा की दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसामान्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के चारों ओर परिधि दीवार से 200 मीटर क्षेत्र को ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित किया है।

### हादसे में युवक घायल

**भिलाई।** कार की ठोकर से बाइक चालक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संध्या दीवान ने पुलिस को बताया कि पुत्र आशुतोष दीवान 29 नवंबर को अपने घर सेक्टर-1 भिलाई से कॉलेज के काम से दुर्ग की ओर जा रहा था। सेवन एम आई लव भिलाई चौक सेक्टर 5 के पास पहुंचा था, उसी समय कार सीजी 07 एमए 4389 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी।

### एड्स दिवस पर किया नुक्कड़ नाटक, निकाली गई रैली



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नर्सिंग महाविद्यालय धनोरा में विश्व एड्स दिवस जागरूकता और सक्रिय सहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य प्रिंस वर्गीस ने एड्स की रोकथाम, जागरूकता और बचाव उपायों पर मार्गदर्शन देकर की। छात्रों और स्टाफ ने मिलकर धनौरा और हनोदा में एड्स जागरूकता रैली निकाली, जहां लोगों को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। रैली के बाद विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों के सामने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। गांव के लोगों ने भी उत्साह से कार्यक्रम में सहभागिता की। अंत में सभी उपस्थितों ने एड्स को समाज से समाप्त करने का संकल्प लिया।

## जनता के सवाल : कब मिलेगा साफ पानी, कब सुधरेगी सफाई व्यवस्था

# बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा राधिका नगर व मैत्री विहार, टूटी सड़कें व गंदी नालियां पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 7 के राधिका नगर और मैत्री विहार में बुनियादी सुविधाएं बिगड़ती जा रही हैं। यहां के लोग जर्जर सड़कों, नालियों पर कब्जे, अधूरी नाली निर्माण और अंधेरे में डूबे तालाब जैसे रोजमर्रा के संकट से जूझ रहे हैं। नगर निगम भिलाई अंतर्गत राधिका नगर में कई जगह नालियों के ऊपर कब्जा कर लिया गया है। कहीं नाली के ऊपर निर्माण कर दिया गया, तो कहीं खाली जमीन पर भी लोग टिक गए। इसका सीधा असर सफाई पर पड़ रहा है। नालियां जाम होने के कारण बजबजाता रहता है। सफाई कर्मचारियों के लिए भी काम करना मुश्किल हो गया है। सड़कों की हालत भी अलग परेशानी है। स्लॉटर हाउस के पास की सड़क हो या अंदरूनी गलियां, ज्यादातर जगह सड़कें टूटी पड़ी हैं। बारिश में यहां चलना तक मुश्किल हो जाता है। गार्डन भी बदहाली में हैं। कुछ गार्डन की हालत ठीक है, लेकिन बाकी जगह घास-फूस और गंदगी फैली है। बच्चों के खेल क्षेत्र की हालत भी खराब है। शासकीय जमीन पर कब्जा भी लगातार बढ़ रहा है। कई लोगों ने ठेला और खोमचा लगाकर सार्वजनिक जमीन को घेर लिया है। इससे रास्ते संकरे हो रहे हैं और आम लोगों को परेशानी बढ़ रही है। स्थानीय लोग लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग जनप्रतिनिधियों से कर रहे हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

## वार्ड के उद्यान बदहाल, झूले हो चुके खराब, बच्चों के लिए खेलने के लिए नहीं जगह





### नहीं हो रही सुनवाई

ईश्वरदीन देवांगन और विजय खापर्डे ने बताया



कि नाली निर्माण को लेकर समिति और रहवासी लगातार विभागों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। निगम आयुक्त और जनप्रतिनिधियों से लेकर कलेक्टर तक सभी को आवेदन दिए गए हैं। इतना ही नहीं, मामला आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के एलएसजी अनुभाग नई दिल्ली और संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास छत्तीसगढ़ तक पहुंच चुका है। हर जगह से आश्वासन मिलता है, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हो पाया। स्थिति यह है कि करीब 50 परिवार पानी भराव और गंदगी की समस्या से रोज जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे हर महीने विधायक और पार्षद से मिलकर नाली निर्माण की मांग दोहराते हैं।

### वर्षों से विभागों के चक्कर लगा रहे लोग

मैत्री विहार में नाली निर्माण रुका



हुआ है और इसका सीधा असर स्थानीय परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। विकास एवं कल्याण समिति के सह सचिव और विधिक सलाहकार अधिवक्ता संजय शाह ने बताया कि इलाके में नाली नहीं होने से बारिश और रोजमर्रा का पानी सीधे लोगों के प्लॉटों में भर जाता है। इससे विवाद की स्थिति बनती है और पड़ोसी एक-दूसरे से उलझने को मजबूर हो जाते हैं।

### लाइट लगाने की स्वीकृति सालों से अटकी

वार्ड के निवासी नितीन कुमार बाबा ने बताया कि दाऊबाड़ा तालाब क्षेत्र शाम



होते ही अंधेरे में डूब जाता है। कांग्रेस शासन के दौरान तालाब किनारे बिजली खंभा और लाइट लगाने की स्वीकृति मिली थी, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा। फाइलें ठंडी पड़ गईं और तालाब अब भी रोशनी से वंचित है। अंधेरा होते ही तालाब किनारे असामाजिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। यहां रोजाना कुछ न कुछ गड़बड़ी देखने को मिलती है और माहौल असुरक्षित महसूस होता है। तालाब की नियमित सफाई नहीं होती। कुछ दिन पहले बड़ी संख्या में मछलियां मर गई थीं, जिसके बाद निगम ने सफाई करवाई थी लेकिन हालत फिर वही है। पानी में गंदगी तैर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब पर लाइट लगना और नियमित सफाई होना जरूरी है।

### फंडिंग की जरुरत, तभी विकास संभव

राधिका नगर आवासीय आवंटन की पहली कॉलोनी है। कई जगहों पर नाली पुरानी होने के कारण टूट चुके हैं। रेश्ने आवास नाला के पास बनी दीवार अधूरी है। इसके निर्माण के लिए फारेस्ट विभाग से से एनओसी ली जाएगी। मैत्री विहार, शिवाजी नगर, अयप्पा नगर, उल्लास नगर, दुर्गा नगर, आरक्षी नगर डेरा बस्ती भी जुड़ गया। इतने बड़े क्षेत्र में विकास के लिए अधिक फंडिंग की जरुरत है।

-**आदित्य सिंह**, पार्षद वार्ड-7, भिलाई

## महापौर बाघमार ने किया सड़क व नाली निर्माण का निरीक्षण



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चर्च रोड से श्रमवीर चौक तक चल रहे डामरीकरण सड़क निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। लगभग 1 करोड़ 44 लाख की लागत से हो रहे इस विकास कार्य को निगम की प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है, जिससे व्यस्त मार्ग पर यातायात सुगम हो सके और जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान मिल सके।

महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी लीना देवांगन, सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, उपअभियंता हरिशंकर साहू, जितेंद्र राजपूत और निर्माण कार्य के ठेकेदार मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार व देव नारायण चंद्राकर ने पहले सड़क की लेवलिंग, बेस, सब बेस और बिटुमिन की गुणवत्ता की जांच की और फिर नाली निर्माण के ढांचे, गहराई व आरसीसी की मजबूती का आंकलन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए तथा कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सड़क शहर के अत्यधिक उपयोग वाले मार्गों में शामिल है, इसलिए निर्माण कार्य में सावधानी बरते जाने और जल्द से जल्द पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने की आवश्यकता है।स्थल पर मौजूद अधिकारियों को महापौर अलका बाघमार ने कार्य में गति लाने, समयबद्धता का पालन करने तथा सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। ठेकेदार को भी आवश्यकतानुसार श्रमिक और संसाधन बढ़ाने के लिए कहा गया, ताकि मौसम और यातायात की चुनौतियों के बीच कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।

# लंबित उपादान और नियुक्ति प्रकरणों में तेजी वित्त समिति की बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



नगर पालिक निगम दुर्ग में वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने की, जिसमें समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर देव नारायण चंद्राकर, विजयंत पटेल, सजान जोसेफ, अब्दुल खालिक, सावित्री दमाहे, मनोज सोनी, मनीष बघेल, संजय अग्रवाल, हिरोदी चंदनिया मौजूद थे।

बैठक में कर्मचारियों की उपादन, सेवानिवृत्ति, लाभ राशि तथा अनुकम्पा नियुक्ति से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की गई। प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने बताया कि कई कर्मचारियों की उपादन राशि प्रक्रियाधीन है, जिसके दस्तावेज़ों की जांच समिति द्वारा की जा रही है तथा शेष कर्मचारियों के प्रकरणों को जल्द निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन से अनुमति प्राप्त होने के पश्चात अब मृत कर्मचारियों के पात्र निराश्रित परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। समिति सदस्यों ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि निगम की प्राथमिकता कर्मचारियों और उनके परिवारों के हितों को सुरक्षित रखना है। इसलिए सभी लंबित प्रकरणों को पारदर्शी और तीव्र प्रक्रिया के माध्यम से जल्द समाधान किया जाएगा। निगम प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि उपादन की राशि समयबद्ध तरीके से जारी होगी। पात्र परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति में विलम्ब नहीं होने दिया जाएगा।कर्मचारियों के हितों से जुड़ी हर नीति पर गंभीरतापूर्वक अमल किया जाएगा।

# राष्ट्रीय एड्स दिवस पर विद्यार्थियों को जागरुकता का दिया संदेश



**दुर्ग।** राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट वीवाईटी पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम तथा इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना था। विद्यार्थियों को बताया गया कि एड्स के प्रति जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। उन्हें एचआईवी एड्स संक्रमण के फैलने के तरीके, सुरक्षित व्यवहार, रोकथाम के उपाय तथा आधुनिक उपचार विधियों पर जानकारी दी। अंत में सभी विद्यार्थियों ने समाज में एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# मंत्री यादव ने किया बिरेझर उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ धान खरीदी को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग जिले के बिरेझर स्थित उपार्जन केन्द्र पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर अवगत कराया कि सरकार द्वारा किसानों के हित में धान खरीदी में पारदर्शिता लाई गई है। तुंहर टोकन की ऑनलाईन की व्यवस्था से किसानों को लाईन लगाना नहीं पड़ रहा है। राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। किसानों ने मंत्री को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था, पेयजल एवं विश्राम व्यवस्था, टोकन प्रणाली जैसे सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार किसान अपनी धान उपार्जन केन्द्रों में बेच रहे हैं। मंत्री श्री यादव ने किसानों को भरोसा दिलाया कि किसानों के हित में और भी बेहतर व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा।

## लापता वाहनों की रियल टाइम जांच, सत्यापन में मदद करता है एप

# त्रिनयन और सशक्त एप को मिली राष्ट्रीय मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ आई गॉट कर्मयोगी पर किया गया शामिल



दुर्ग रेंज पुलिस के तकनीकी नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने अपराध रोकथाम से जुड़ा ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम डिजिटल टूल्स फॉर क्राइम प्रेवेंशन, त्रिनयन और सशक्त पेप को आई गॉट प्लेटफार्म पर जारी किया है। यह पूरा पाठ्यक्रम दुर्ग रेंज की पहल पर आधारित है।

आई गॉट कर्मयोगी भारत सरकार का ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच है। इसका मकसद सरकारी कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाना और उन्हें नए कौशल से लैस करना है। इस प्लेटफार्म पर प्रशिक्षण मॉड्यूल, मूल्यांकन और प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं, जिन्हें अधिकारी और कर्मचारी पंजीकरण कर पूरा कर सकते हैं। दुर्ग रेंज ने पिछले कुछ वर्षों में तकनीक के सहारे पुलिसिंग को तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। त्रिनयन ऐप की मदद से रेंज में मौजूद सभी सार्वजनिक और निजी सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन और जियो टैगिंग एक ही जगह उपलब्ध हो जाती है।

किसी भी घटना के बाद पुलिस तुरंत आस-पास का फुटेज हासिल कर लेती है, जिससे जांच तेजी से आगे बढ़ती है। सशक्त ऐप चोरी और लापता वाहनों की रीयल टाइम जांच और सत्यापन में मदद करता है। इससे वाहन बरामदगी की प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी तेज हुई है। खास बात यह है कि यह ऐप जल्द ही आम नागरिकों के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि लोग खुद भी अपने वाहन की स्थिति ऑनलाइन जांच सकें। इससे चोरी रोकथाम में बड़ी मदद मिलेगी। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने इन दोनों ऐप को स्मार्ट पुलिसिंग का आदर्श उदाहरण माना है और इन्हें राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में शामिल किया है। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग की पहल और नेतृत्व को इस उपलब्धि का आधार बताया गया है। उन्होंने इस मौके पर सभी पुलिस अधिकारियों और टीम को बधाई दी है।

## पेज 11 के शेष

### बेरला के 13 टीबी मरीजों को वितरित ...

मरीजों का निक्षय मित्र बनते हुए इन्हें गोद लिया गया। इस अवसर पर मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में हुआ।

### हत्या के प्रयास व ...

राड, डंडा से मारपीट कर लहूलुहान कर दिए। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस ने जांच की और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सउनि दिनेश चंद शर्मा, प्रधान आरक्षक दीनानाथ यादव, जगदीश कोसरिया, आरक्षक टिकेन्द्र यादव, सुरेन्द्र जांगडे सहित थाना बेरला के स्टाफ शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी का निरीक्षण

**चिचोला।** महराजपुर सोसायटी का लालबहादुर नगर स्थित जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक ने निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों द्वारा बेचने लाए गए धान को देखा। समिति प्रबंधक केजराम यादव ने किसानों से साफ और सूखा धान लाने का आव्हान किया है।

### रंगोली बनाकर दी एड्स की जानकारी

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में गत दिनों विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जन कल्याण सामाजिक संस्थान ने संगोष्ठी का आयोजन किया। बच्चों द्वारा रंगोली बनाकर एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों को एड्स के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य सविता अवस्थी, सरपंच नीलिमा साहू, टीएल चंद्राकर, रमनसिंह राजपूत, योगेन्द्र प्रताप सिंह, उमेश साहू, आनंद श्रीवास, गंगाधर गुरु, सुरेखा देवांगन, श्रीमती पगारे, रेवा साहू, चित्ररेखा साहू, काजल चतुर्वेदी उपस्थित थे।

### स्वयं सेवकों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण

**डोंगरगांव।** राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग की आपदा मित्र योजना अंतर्गत रासेयो स्वयंसेवकों ने 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र बरगा में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की बालक एवं बालिका इकाई के 22 स्वयं सेवक शामिल हुए। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, आगजनी, आकाशीय बिजली आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचने के उपाय के संबंध में जानकारी दी। आगजनित दुर्घटनाओं से कैसे बचे? फायर ब्रिगेड का उपयोग कैसे करें? के बारे में गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया। प्रशिक्षण में अंकुश दीक्षित, अविनाश साहू, परमेश्वर, केवल पटेल, ओमप्रकाश साहू, डिवेंद्र कुमार, करण कुमार, मिथलेश, मोहनलाल, युवराज, संजय, यशवंत, स्वाति, काजल, डिंपल, दुर्गेश्वरी, पूजा, लक्ष्मी, भूमिका, अंबिका, पायल, टोमेश्वरी आदि शामिल हुए।

### मेरठ में ममता सम्मानित

**टाटेकसा।** दिव्यांग कल्याण समिति मेरठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 90 फीसदी दिव्यांग ममता चंद्रवंशी को कई उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। उनका मेरठ के अटल सभागार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में सम्मान हुआ। उन्हे ऋषि मिश्रा, हेमंत तिवारी, यामिनी साहू, सोनकुमार सिन्हा, बीपी मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

### ऋषि मिश्रा दिव्यांग रत्न से सम्मानित

**डोंगरगढ़।** दिव्यांग कल्याण समिति मेरठ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में 80 प्रतिशत दिव्यांग ऋषि मिश्रा ने पैरा खेल के क्षेत्र, दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते अटल सभागार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर उन्हे हेमंत तिवारी, यामिनी साहू, सोनकुमार सिन्हा, बीपी मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

### कॉलेज में आनंद मेला का आयोजन

**डोंगरगढ़।** कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में गत दिनों आनंद मेला का आयोजन प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ हेमलता गायकवाड़ के मार्गदर्शन में किया गया। आनंद मेला में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मनोरंजन के साधनों एवं छिंद के पत्तों से निर्मित कलाकृतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### जनभागीदारी मद से दिया ग्रास कटर मशीन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम की नियमित सफाई के लिए जनभागीदारी समिति मद से ग्रास कटर मशीन दी गई। यह मशीन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने महाविद्यालय को सौंपा। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती, प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जांबुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

### निरीक्षण : संभागायुक्त ने देखी शिक्षा, स्वास्थ्य, धान खरीदी व्यवस्था का जमीनी हाल

# जिले में संभागायुक्त राठौर का दौरा, धान खरीदी शिक्षा, स्वास्थ्य और मतदाता सूची पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहे इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा भी साथ उपस्थित थे। इस दौरान श्री राठौर ने आंगनबाड़ी केंद्र संचालन, स्कूल संचालन, स्वास्थ्य केंद्र संचालन एवं किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही संभागायुक्त श्री राठौर ने मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य का भी निरीक्षण किया । संभागायुक्त ने इस दौरान इन सभी कार्यों के बेहतर संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश दिये। श्री राठौर ने बेमेतरा प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत बीजाभाट धान उत्पादन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने यहां धान खरीदी के लिए केंद्र में की गई आवश्यक व्यवस्था, संसाधन एवं सुविधा से रूबरू हुए। उन्होंने किसानों से चर्चा कर अन्न दाताओं का उत्साह वर्धन किया। समिति प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि धान विक्रय के लिए केंद्र में आने वाले सभी किसानों को आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराएं। उन्होंने व्यवस्थित माहौल में धान खरीदी करने करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पतले किस्म के धानों की अलग स्टेकिंग रखने, नमी मापक मशीन से धान की नमी की जांच करने सहित जरूरी निर्देश दिए । उन्होंने उपार्जन केंद्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की व्यवस्था रखने, प्रति दिवस किसानों से धान की खरीदी करने के निर्देश दिए।

**आंबा केंद्र के बच्चों के बालपन को संवारने दी आवश्यक टिप्स:** संभागायुक्त राठौर ने ग्राम पंचायत पत्थरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां केंद्र में अध्यनरत नन्हे मुहे बच्चों के साथ खुशनुमा माहौल में बच्चों के साथ सुखद पल व्यतीत किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को टाफी वितरित कर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दिया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि बालपन बच्चों के जीवन की सबसे अहम और महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सवारने में यह समय सबसे अधिक किफायती होता है । उन्होंने बच्चों के बालपन और भविष्य को संवारने के लिए लगन और शिद्दत के साथ कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि समय समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। बच्चों को विविध गतिविधियों से खेल-खेल में लिखना पढ़ना सिखाएं। बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य के साथ ही सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश से भी जोड़ने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री राठौर ने पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा शिक्षकों से भेंट कर बच्चों के अध्यापन कार्य में गंभीरता सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने पाठ्यक्रम की बारीकियों को सहजता , सरलता से समझाने एवं अभी से ही बच्चों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए मोटिवेट करें। बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर उनके भविष्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा की सार्थक भूमिका निभाने कहा।

### स्वास्थ्य कर्मी सेवाभाव से करें कार्य मानवीय संवेदना का देवें परिचय

संभागायुक्त श्री राठौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेवरा पहुंच कर स्वास्थ्य सुविधा से रूबरू हुए। स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध संसाधन, सुविधा,सेवा की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि सभी मरीजों की समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि गंभीर अवस्था में ही किसी मरीज को अन्यत्र अस्पताल के लिए रेफर किया जाए। स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नियत समय तक सुनिश्चित करने और केंद्र में पदस्थ सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मानवीय संवेदना के साथ कर्तव्य निर्वहन करने कहा। उन्होंने यहां सर्प व कुत्ते काटने के लिए उपयोग में आने वाले एंटी सिरम अनिवार्य रूप से भंडारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं की विशेष देखभाल करने, ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवा से संबंधित आवश्यक दवाइयां का अतिरिक्त भंडारण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई व स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य महत्वपूर्ण, सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो, सुनिश्चित करें। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने ग्राम पंचायत पत्थरा पहुंचकर एसआईआर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया । उन्होंने यहां उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी से प्राप्त आवेदनों और निर्धारित पोर्टल में एंट्री की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर एक मतदाता महत्वपूर्ण है। उन्होंने सार्थक और कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित ना हो, विशेष ध्यान रखकर गहन पुनरीक्षण कार्य को संपादित करें।

## नवागढ़ की रिया यादव का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

खेल प्रतिभाओं की धरती नवागढ़ एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है। स्थानीय शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ की मेधावी छात्रा एवं दमदार एथलेटिक्स खिलाड़ी रिया यादव का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

रिया आगामी 4 से 6 दिसंबर तक बिलासपुर के शासकीय ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाएंगी। हाल ही में आयोजित क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स टीम ने शानदार प्रदर्शन कर सबका मन जीता था। इसी बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर रिया ने राज्य स्तर तक अपनी दावेदारी मजबूत की और चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिरीश कांत पांडे ने रिया को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और मजबूत खेल भावना का प्रतिफल है। हमें विश्वास है कि रिया राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। रिया के चयन की खबर मिलते ही महाविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि रिया यादव एथलेटिक्स के अलावा मैराथन और कबड्डी में भी उम्दा खिलाड़ी हैं। कई प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर वे लगातार महाविद्यालय को गौरवान्वित करती आ रही हैं। उनके जज्बे, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें नवागढ़ की उभरती खेल पहचान बना दिया है।



## बच्चों एवं शाला का सर्वांगीण विकास ही प्राथमिकता : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय हाई स्कूल मटका के प्राचार्य के तौर पर मीनाक्षी शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया है। इसके पूर्व वे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघोरी बेमेतरा में प्रधान पाठिका के पद पर रही।

लगातार शिक्षोत्थान की दिशा में कार्य करते हुए,उन्होंने राज्यपाल पुरस्कार भी प्राप्त किया है। सरपंच ग्राम पंचायत मटका मनाराम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न यदु, शिक्षाविद एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र यदु,एवं वरिष्ठ नागरिक धन्नू साहू आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया एवं अपेक्षाएं की,, कि आपके प्राचार्यत्व में शाला एवं बच्चों का और चहुँमुखी विकास होगा।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती शर्मा ने आम का फलदार वृक्ष रोपकर, आज के दिन को यादगार बनाया। उन्होंने अपने समस्त स्टाफ, ग्रामवासी एवं पालकों के समन्वित प्रयास से बच्चों के सर्वांगीण विकास को ही अपना प्राथमिकता बताया। साथ ही इस अवसर पर व्याख्याता गण सुरेंद्र कुमार गायकवाड, अरूणिका दीवान, गजानंद शर्मा, प्रदीप राजपूत, बालक एवं बालिकाएं उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधिक सेवा प्राधिकरण ने अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिता कोशिमा रावटे की मौजूदगी में बुधवार जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल के गांधी भवन पर समाज कल्याण विभाग की सहभागिता से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकम में पहुंचे दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्रायसायकलिंग एवं हियरिंगएड उपकरण वितरित किया गया। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किए। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं न्यायाधीश रावटे ने मौजूद दिव्यांगजनों की बीच कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दिव्यांगजन के अधिकार उनका कल्याण और समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। समाज के हर व्यक्ति को समान अधिकार व सम्मान मिलना बहुत आवश्यक है। तभी संविधान के उद्देश्यों की पूर्ति संभव होगी। दिव्यांगजनों को शिक्षा, काम, समाज, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक जीवन में समानता का अधिकार मिल सके इसलिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 बनाया गया है। इसी प्रकार विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के अंतर्गत दिव्यांगजन निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने के अधिकारी है। उक्त शिविर कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर प्रीतम चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारी बेलारमीन बेग, निःशक्त जन सेवा संघ बेमेतरा के प्रमुख सलाहकार व दिव्यांगजन के अध्यक्ष सहित समस्त सदस्यगण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र उपस्थिति थे।

■ अधिकार व सम्मान समाज के हर व्यक्ति को मिला आवश्यक है ,तभी संविधान के उद्देश्यों की पूर्ति संभव : न्यायाधीश रावटे

## संकुल केंद्र भटगांव में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




संकुल केंद्र भटगांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भटगांव एवं शासकीय बालक मिडिल स्कूल में विविध कार्यक्रमों जैसे हायर सेकंडरी स्कूल में निःशुल्क साइकिल वितरण, पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव में विधायक निधि से प्राप्त कंप्यूटर का शुभारंभ, धुंआ रहित भोजन पकाने के लिए एलपीजी गैस से भोजन पकाने की शुरुआत एवं बीआरसी कार्यालय से प्राप्त खेल सामग्री का विभिन्न संस्था प्रमुखों को प्रदान करना शामिल रहा।

इस अवसर पर शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव के प्रधान पाठक तीर्थ कुमार साहू द्वारा पूर्ण न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। जिसमें चांवल,दाल आचार, पापड़, फल एवं खीर पूड़ी परोसा गया। जिनका आनंद उपस्थित सभी सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने लिया। जिनमें प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य अनिल वर्मा, जनपद सदस्य रघुवीर नेताम, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि दयाराम राम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं उप सरपंच खम्मन सिंह राजपूत , सरपंच, रूपलाल पटेल शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुधे राम साहू उपाध्यक्ष ओमकार साहू शिक्षाविद के रूप में केडी गोस्वामी, सुखनंदन जंघेल पूर्व सरपंच नीलू साहू, परपोडी जोन प्रभारी अजय ठाकुर, रानो संकुल समन्वयक राकेश देवांगन, पथर्रीकला संकुल समन्वयक श्रीराम साहू, गाडाडीह संकुल समन्वयक मन्नू साहू, भटगांव संकुल प्राचार्य सतीश शर्मा एवं भटगांव संकुल समन्वयक तीर्थ कुमार साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम बहुत ही रोचक और सराहनीय रहा।

## एक दिन में सिर्फ 4 टोकन से हो रही धान खरीदी



**खड़गांव।** धान खरीदी उपकेंद्र में प्रतिदिन 4 टोकन काटने का एवरेज निर्धारित है। केन्द्र इंचार्ज सदासिंह टेकाम ने बताया कि किसानों धान बेचने लगातार पहुंच रहे है किन्तु नियमानुसार 393 क्विंटल खरीदी के लिए लगभग 4 टोकन कट रहा है। कम्प्यूटर आपरेटर ने बताया कि किसानों को सभी सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य समय पर किया जा रहा है। बारदाना इंचार्ज लोकेश यादव ने बताया कि खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है। किसान ने व्यवस्था को बेहतर बताते हुए कहा कि प्रतिदिन मात्र 4 टोकन कट रहा है जिससे धान बेचने में विलंब हो रहा है। उन्होंने प्रतिदिन 10 टोकन काटने की व्यवस्था बनाने की मांग की है ताकि धान बेचने में सुविधा हो।

## शिव शक्ति धाम मंदिर में गीता जयंती मनाई गई



**थानखम्हरिया।** समीप ग्राम बनिया शिव शक्ति धाम मंदिर में गीता जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंदिर में सुबह भगवान श्री कृष्ण का शाही स्नान के बाद, पूजा आरती की गई। श्रीमद् भागवत गीता के सामने दीप प्रज्वलित कर भक्तों ने गीता पाठ किया। श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक से मंदिर परिसर गूंजायमान रहा। इस मौके पर डॉ राजेश्वर प्रसाद तिवारी ने कहा, गीता केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का शाश्वत मार्गदर्शन है। आचार्य द्वारा गीता के महत्व को बताते हुए कहा, गीता के प्रत्येक अक्षर परमात्मा के ही अंश है।

उनके पठन श्रवण से ही भगवान की सेवा की जाती हैं। एवं प्रत्येक श्रद्धालुओं को शास्त्रों को केवल लाल कपड़ों में लपेटकर ना रखें। उनका पठन करने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य जन्म, कर्म को पूजा और जीवन को साधन मानकर चलता है। तभी उसकी हर कदम धर्म हो जाता है। उन्होंने समझाया जीवन एक युद्ध के समान है, जहां अंदर के संसय, मोह, भ्रम और भय ही हमारे वास्तविक कुरुक्षेत्र है। जो साधक सर्वदा पर स्वभाव को पहचान लेता है। वही अर्जुन की तरह ईश्वर की कृपा का अधिकारी बनता है। गीता का पाठ पंडित विजय तिवारी ने किया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यास नारायण पांडे, सुधीर प्रसाद तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, जीएस मिश्रा, छत्रपाल तिवारी, हितेश कागलीवाल, पदमाराज सिंह, नर्मदा सिंह, नंदकुमार ठाकुर, जितेंद्र सिंह परमार, गौकरण सिंह, कृष्ण सिंह, अमृत देवांगन, अंकित बिंदल, सहित डोडंडी लोहारा, दल्लीराजहरा, दुर्ग, बालोद, लोहारा एवं कड़कड़ा खम्हरिया के समस्त ग्रामों से श्रद्धालु उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

### जिला स्तरीय नई चेतना जेंडर कैंपेन का बेमेतरा में शुभारंभ

## नई चेतना जेंडर कैंपेन की शुरुआत महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा व अधिकारों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



महिलाओं एवं बच्चों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला स्तरीय नई चेतना जेंडर कैंपेन का शुभारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जेंडर संवेदनशीलता से जुड़े प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, नेशनल लोक अदालत, स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत के अधिकारी, तथा सभी क्लस्टरों से आए जेंडर बीआरपी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से लैंगिक समानता, महिलाओं की सुरक्षा, समाज में सकारात्मक परिवर्तन तथा जेंडर आधारित भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसमें सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं, घरेलू हिंसा से संबंधित कानून, जेंडर गैप तथा उसके सामाजिक प्रभाव, नारी निकेतन की भूमिका, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, हिंसा की स्थिति में महिलाओं को मिलने वाली कानूनी सहायता जैसे विषय शामिल रहे। महिलाओं और बच्चों को मिलने वाले अधिकारों, संरक्षण तंत्र एवं सरकारी सहायता योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि नई चेतना जेंडर कैंपेन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, महिलाओं के प्रति होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव, हिंसा एवं अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना और समुदाय को संवेदनशील बनाना है।

यह कैंपेन 25 नवंबर से प्रारंभ होकर 23 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस अवधि में ब्लॉक स्तर, क्लस्टर स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग विषयों पर आधारित साप्ताहिक गतिविधियों, जागरूकता कार्यक्रमों, चर्चाओं, रैलियों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि समाज में बराबरी, सुरक्षा और सम्मान की भावना मजबूत हो सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि जिले के प्रत्येक महिला, बच्चा और नागरिक इस अभियान के माध्यम से जागरूक होकर अपने अधिकारों को समझेगा और जेंडर समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएगा।

